# लोक शिक्षण संचालनालय
# गौतम नगर भोपाल,मध्यप्रदेश

ई–मेल dpividhya@gmail.com दूरभाष 0755–2583650

क्र./अकादमिक/सी/2025/1989 भोपाल, दिनांक 8/10/25

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषयः– 01 नवम्बर 2025 से 03 नवम्बर 2025 तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में।

संदर्भः– संस्कृति संचालनालय का पत्र क्रमांक/2847/संसं/समारोह/2025 भोपाल दि. 29.09.2025।

///

संदर्भित पत्रानुसार माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 21.08.2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक के कार्यवाही विवरण में मुख्य समारोह शीर्षक अंतर्गत बिन्दु कमांक 04 के अनुसार समस्त विद्यालयों में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु दिनांक 01.11.2025 एवं 03.11.2025 को मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहु आयामी संस्कृति, पर्यटन, उद्योग, विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता/वाद–विवाद/निबन्ध प्रतियोगिता तथा मध्यप्रदेश के विकास/पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व स्थलों पर आधारित चित्र/फोटो प्रदर्शनी/पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

कार्यवाही विवरण में जिला स्तरीय समारोह शीर्षक अंतर्गत बिन्दु कमांक 03 के अनुसार जिले के शासकीय विद्यालयों के भवनों पर दिनांक 01 नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाना है।

अतः उपरोक्तानुसार मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन हेतु निर्देश जारी करने का अनुरोध है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृ.क्र./अकादमिक/सी/2025/1990 भोपाल, दिनांक 8/10/25

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल।
2. संचालक, संस्कृति संचालनालय 1, शिवाजी नगर, रेडक्रॉस अस्पताल के पीछे, भोपाल 462016
3. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण समस्त संभाग।

की ओर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

मध्यप्रदेश शासन

# संस्कृति संचालनालय

1, शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल (म.प्र.) 462016
फोन : 0755-2770598, 2770597
वेबसाइट : www.culturemp.in ई-मेल : director-culture@mp.gov.in

पत्र क्रमांक-2847 /संसं/समारोह/2025,                भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2025

R
Sh. Rahul
29.9.25

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव
   उच्च शिक्षा विभाग
   मंत्रालय, भोपाल।

2. अपर मुख्य सचिव
   पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
   मंत्रालय, भोपाल।

3. अपर मुख्य सचिव
   नगरीय विकास एवं आवास
   मंत्रालय, भोपाल।

4. अपर मुख्य सचिव
   विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग
   मंत्रालय, भोपाल।

5. प्रमुख सचिव
   औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन
   मंत्रालय, भोपाल।

6. प्रमुख सचिव
   तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार
   मंत्रालय, भोपाल।

7. प्रमुख सचिव
   स्कूल शिक्षा विभाग
   मंत्रालय, भोपाल।

8. डायरेक्टर जनरल
   मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्राद्योगिकी परिषद
   भोपाल।

विषय :- 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में 1 से 3 नवम्बर तक आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बैठक का कार्यवाही विवरण।

----

उपरोक्त विषय में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 21 अगस्त, 2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रतिकक्ष में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई थी। कृपया उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न कर आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न : उरोक्तानुसार।

(एन. पी. नामदेव)
संचालक
संस्कृति संचालनालय म.प्र.

Scanned with OKEN Scanner

मध्य प्रदेश शासन
संस्कृति विभाग,
मंत्रालय
वल्लभ भवन भोपाल

क्रमांक एफ CUL/0205/2025-PROG-MPDOC भोपाल, दिनांक 22-09-2025

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव
मुख्यमंत्री कार्यालय
मंत्रालय, भोपाल।

2. पुलिस महानिदेशक
भोपाल

3. सचिव
मध्यप्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, भोपाल।

4. आयुक्त
जनसम्पर्क संचालनालय
भोपाल।

5. प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश माध्यम
भोपाल।

6. कलेक्टर
जिला – भोपाल
मध्यप्रदेश।

7. आयुक्त,
नगर निगम,
भोपाल

8. सांस्कृतिक सलाहकार,
मान. मुख्यमंत्री जी
मध्यप्रदेश।

विषयः- 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में 1 से 3 नवम्बर तक आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बैठक का कार्यवाही विवरण।

--oo--

उपरोक्त विषय में माननीय मुख्यमंत्री जी के अध्यक्षता मेंदिनांक 21 अगस्त, 2025 को माननीय मुख्यनंत्री जी के प्रतिकक्ष में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई थीकृपया उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न कर आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
Jagdish Kumar Gome
Date: 22-09-2025
11:30:15

(जगदीश कुमार गोमे)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग

पृ. क्रमांक एफ़ CUL/0205/2025-PROG-MPDOC भोपाल, दिनांक 22-09-2025

प्रतिलिपि –

1. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. संचालक, संस्कृति संचालनालय, भोपाल।
3. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, मंत्रालय, भोपाल।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग

Scanned with OKEN Scanner

**मध्यप्रदेश शासन**
**संस्कृति विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

---

क्रमांक .................... भोपाल दिनांक .......................

## कार्यवाही विवरण

---

मंत्रालय स्थित माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रतिकक्ष में दिनांक 21 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 2:30 बजे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी के संबंध में मान. मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संलग्न सूची अनुसार अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रुपरेखा एवं गतिविधि को भव्यता से आयोजित किये जाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये :-

### मुख्य समारोह :-

1. भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में भव्य स्तर पर तीन दिवसीय "मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह" का आयोजन दिनांक 1 से 3 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जाये। 1 नवम्बर को शुभारंभ के अंतर्गत मंचीय कार्यक्रम, विरासत से विकास केन्द्रित ड्रोन शो, सुगम संगीत के लिए प्रतिष्ठित कलाकार एवं अंत में आतिशबाजी के कार्यक्रम संयोजित किया जावे। (कार्यवाही -- संस्कृति विभाग, म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्)

2. दिनांक 2 एवं 3 नवम्बर को स्वसहायता समूह एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित शिल्पियों की आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी, सहविक्रय स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की बहुआयामी कला-संस्कृति का लोकव्यापीकरण तथा मंचीय कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन कराया जावे। (कार्यवाही – संस्कृति विभाग)

3. विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की निरंतर प्रगति, विरासत से विकास, उद्योग/विज्ञान क्षेत्र की विशिष्ट उपलब्धियों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी एवं मध्यप्रदेश के विकास पर केन्द्रित फिल्म का निर्माण एवं प्रदर्शन करायी जाकर प्रदेश/जिला/ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शित की जावे। (कार्यवाही - जनसंपर्क एवं समस्त विभाग/जिला-प्रशासन/संस्कृति विभाग)

4. युवाओं को जोड़ने हेतु मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहुआयामी संस्कृति, पर्यटन, उद्योग, विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, वाद-विवाद/निबंध प्रतियोगिता, मध्यप्रदेश के विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों पर आधारित चित्र/फोटो प्रदर्शनी/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में किया जावे। (कार्यवाही -- उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/स्कूल शिक्षा विभाग)

5. सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएँ विज्ञान/उद्योग/व्यवसाय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि वाली संस्थाएँ/व्यक्ति पर केन्द्रित गतिविधियाँ, यथा- संवाद, गोष्ठी, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन आदि गतिविधियाँ करने की कार्यवाही की जावे। (कार्यवाही – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग/उद्योग विभाग)

Scanned with OKEN Scanner

## जिला-स्तरीय समारोह :-

1. जिला मुख्यालयों पर स्थापना दिवस समारोह विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, जिलावार उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध गौरव चरित्रों पर एकाग्र, जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध प्रदर्शनी आयोजित की जावे। (कार्यवाही – जिला प्रशासन एवं जनसम्पर्क विभाग)

2. जिला कलेक्टर समस्त स्तरों पर होने वाली सभी कार्यक्रमों से संबंधित तैयारियों की जानकारी से जिले के माननीय प्रभारी मंत्री जी को अवगत करायेंगे तथा उनके परामर्श से कार्यक्रम को अंतिम रूप देंगे।

3. जिला मुख्यालय पर स्थित प्रमुख शासकीय भवनों पर 1 नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी। राज्य शासन के समस्त प्रमुख भवनों पर प्रकाश व्यवस्था करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की रहेगी।

4. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यावसासियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों एवं महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं, शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों तथा महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाले स्वसहायता समूह/स्टार्टअप के पदाधिकारियों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

5. जिला-स्तर पर आयोजित होने वाले समारोह में जिला-स्तरीय संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व समितियों तथा अन्य विभागों की गतिविधियों को जोड़कर राशि की व्यवस्था की जावे। इस हेतु संस्कृति विभाग द्वारा भोपाल जिले को छोड़कर शेष सभी जिलों को एक-एक लाख की राशि प्रदाय की जायेगी।

6. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देशानुसार गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत निर्देश पृथक् से जारी किये जा सकेंगे।

धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
Jagdish Kumar Gome
Date: 22-09-2025
11:31:54

(जगदीश कुमार गोमे)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग

Scanned with OKEN Scanner

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस-2025 के संबंध में आयोजित बैठक दिनांक 21 अगस्त, 2025 में उपस्थित अधिकारियों की सूची:-

| क्रमांक | नाम अधिकारी | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री अनुराग जैन | मुख्य सचिव |
| 2. | श्री कैलाश मकवाना | पुलिस महानिदेशक, भोपाल |
| 3. | श्री नीरज मण्डलोई | अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी |
| 4. | श्री शिवशेखर शुक्ला | प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग |
| 5. | श्री सुदामा खाड़े | आयुक्त जनसम्पर्क एवं प्रबंध संचालक माध्यम |
| 6. | सुश्री कृष्णावेणी देशावतु | सचिव, गृह विभाग |
| 7. | श्री अनिल कोठारी | महानिदेशक, मेपकास्ट |
| 8. | श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह | कलेक्टर, भोपाल |
| 9. | श्री हरेन्द्र नारायण | आयुक्त, नगर निगम, भोपाल |
| 10. | श्री श्रीराम तिवारी | सांस्कृतिक सलाहकार, मुख्यमंत्री |

Scanned with OKEN Scanner